K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

ASSESSMENT-II (2022-23)

GRADE: V | **MARKS: 40**

SUB: HINDI | **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है।
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) निबंध और पत्रलेखन में से कोई एक प्रश्न लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न१) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

दादाजी : अरे! मीना बेटी रो क्यों रही हो?
मीना : दादाजी, आज विद्यालय में एक नाटक का मंचन हो रहा था। मैं उसमें जज बनी थी। मैंने उसके लिए बहुत तैयारी की थी लेकिन जैसे हो मंच पर फैसला सुनाने का समय आया, तभी मैं अचानक अपने संवाद ही भूल गई। लोग हँसने लगे। नाटक में वकील बने मेरे मित्र ने बात संभाल ली लेकिन मुझे बहुत बुरा लगा। उस समय मुझे अपने ऊपर बहुत गुस्सा भी आ रहा था।
दादी : लेकिन इसमें इतना दुखी होने की क्या बात है? हम सभी के साथ कभी-कभी ऐसा हो जाता है। तुम्हारे दादाजी तो बहुत ही भुलक्कड़ थे। यह तो..
दादाजी : (दादी को बीच में टोकते हुए) अरे-अरे! ऐसा कुछ नहीं है। मेरी याददाश्त बहुत अच्छी थी।
दादी : अच्छा! फिर दस किलो इमली कौन लाया था?

क) निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा। (2)

१) मीना बेटी रो क्यों रही हो?
२) तुम्हारे दादाजी तो बहुत ही भुलक्कड़ थे।

ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (1)

१) मीना के विद्यालय में क्या हो रहा था?

ग) मेरी राय (स्वअध्ययन पर प्रश्न) (2)

१) अगर आप कभी नाटक के मंचन पर संवाद भूल गए तो आप क्या करेंगे?

प्रश्न२) क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (4)

१) भुल्लकड़ = २) फैसला =

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। (4)

१) दादाजी को किस-किसने और क्या-क्या सामान लाने के लिए कहा?
२) दादाजी की पिटाई उनकी माँ ने क्यों कि थी?

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। (5)

१) दादाजी का बचपन का नाम क्या था?
२) दादाजी कितनी किलो इमली लाए?
३) दादाजी को परीक्षा में कितने लड्डू मिले?
४) रोते हुए घर कौन आई?
५) भुलक्कड़ कौन थे?

प्रश्न३) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

उत्तराखंड की गोद में स्थित जागेश्वर एक शांत एवं सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुषमा और मंदिरों के कारण सहज ही मन मोह लेता है। सर्पीले रास्तों के साथ-साथ बहती कोसी नदी की जलधारा और वर्षा ऋतु में झर-झर झरते झरने मन को रोमांचित कर देते हैं। जागेश्वर में छोटे-बड़े 124 मंदिर हैं, परंतु प्रमुख मंदिर दो ही माने जाते हैं। पहला वृद्ध जागेश्वर मंदिर और दूसरा तरुण जागेश्वर मंदिर। वृद्ध जागेश्वर मंदिर पहाड़ की चोटी पर स्थित है।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही पर्याय चुनकर लिखिए। (2)

१) जागेश्वर कहाँ स्थित हैं?

I) दिल्ली में II) उत्तराखंड में III) मुंबई में

२) जागेश्वर में छोटे-बड़े कितने मंदिर हैं?

I) 124 मंदिर II) 142 मंदिर III) 140 मंदिर

ख) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (2)

१) जागेश्वर में प्रमुख मंदिर तीन ही माने जाते हैं।

२) जागेश्वर एक शांत एवं सुरम्य पर्यटन स्थल है।

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (1)

१) वृद्ध जागेश्वर मंदिर कहाँ पर स्थित है?

प्रश्न४) क) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द खोजकर लिखिए। (2)

१) रंग-बिरंगे गुब्बारे लगे हैं।

२) जंगल में बड़ा हाथी घूम रहा था।

ख) कोष्ठक की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विशेषण शब्द से कीजिए। (3)

(होशियार, लाल, ठंडा)

१) _______ टमाटर बिक रहे हैं।

२) मुझे ______ पानी चाहिए।

३) _______ लड़की कहानी लिख रही हैं।

ग) रेखांकित विराम चिह्न के भेद लिखिए। (4)

१) तुम कहाँ जा रहे हो<u>?</u>

२) शाबाश<u>!</u> तुमने तो कमाल कर दिया।

३) मैं स्कूल जा रहा हूँ<u>।</u>

४) यहाँ शेर<u>,</u> हाथी<u>,</u> भालू और जिराफ़ हैं।

घ) निम्नलिखित वाक्य में उचित जगह पर विराम चिह्न लगाइए। (1)

१) अहा कितने सुंदर फूल हैं

प्रश्न५) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर निबंध लेखन लिखिए। (7)

१) समय का महत्त्व २) किसान की आत्मकथा

अथवा

प्रश्न५) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्रलेखन कीजिए। (7)

१) अपने माता-पिता को परीक्षा का परिणाम (Result)बताते हुए पत्र लिखिए।

२) खेल-कूद प्रतियोगिता में पुरस्कार मिलने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।